दिनांक : 04.05.2025 समय : 07.10PM

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल

**सांध्यकालीन समाचार**

मुख्य समाचारए

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश के प्रवास पर, ग्वालियर में करेंगे छात्रों और वैज्ञानिकों से संवाद।
- मुंबई में आज वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स का अंतिम दिन।
- आज देशभर के 5 हजार से अधिक केन्द्रों पर नीट-परीक्षा का हुआ आयोजन।
- इंदौर, भोपाल सहित प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी के साथ हुई बारिश।

उप राष्ट्रपति

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज ग्वालियर प्रवास पर हैं। उपराष्ट्रपति ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों से परस्पर संवाद कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी इस कार्यक्रम में मौजूद हैं।

वेव्स-2025

मुंबई में आज वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट-वेव्स का समापन होने जा रहा है। आज चौथे और अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्रों का आयोजन हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी आयोजित किए गए। 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज' टैगलाइन वाला यह शिखर सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रयास है। आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में भाग लेने वाला प्रत्येक सर्जक बेहतर कलाकार बनकर जा रहा है। आज आयोजित सांस्कृतिक सत्र को संबोधित करते हुए श्री जाजू ने कहा कि जिन संगीतकारों ने क्रिएट इन इंडिया चैलेंज-सीआईसी में भाग लिया उन सभी ने अपने प्रदर्शन से भारत के सार को दर्शाया है। श्री जाजू ने कहा कि वेव्स

निवेश, व्यापार, कला और संस्कृति के लिए एक अविश्वसनीय मंच रहा है, जिसने खुद को एक जन आंदोलन के रूप में स्थापित किया है।

दीक्षांत समारोह- राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मनुष्य की हर उम्र में संगीत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। राज्यपाल श्री पटेल आज राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के छठवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कबीर लोक भजन गायक पद्मश्री कालूरामबामनिया ने की। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय भारतीय संगीत को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

प्रधानमंत्री - वायुसेना प्रमुख

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की स्थिति में यह मुलाकात महत्वपूर्ण है।

शाह- संस्कृत कार्यक्रम

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोगों को संस्कृत भाषा सीखने की जरूरत है, क्योंकि भारत का समूचा ज्ञान संस्कृत भाषा में है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा दुनिया की समस्याओं के समधान के लिए मार्गदर्शन कर सकती है। गृह मंत्री आज नई दिल्ली में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित '1008 संस्कृत भाषण शिविरों' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री शाह ने संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा अधिकांश भाषाओं की जननी है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। संस्कृत भारती ने 23 अप्रैल से इस महीने की 3 तारीख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में 1008 संस्कृत भाषण शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में 25 हजार लोगों ने भाग लिया और संस्कृत भाषा सीखी।

आईसीएआर-चावल

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - आई सी ए आर द्वारा विकसित भारत की जीनोम संवर्धित चावल की पहली दो किस्में जारी कीं। कृषि

मंत्री ने कहा कि इन किस्मों से देश में चावल की पैदावार बढ़ेगी और उत्पादन लागत में कमी आएगी।

नीट-परीक्षा

आज देश भर में पांच हजार से अधिक केंद्रों और विदेश में 13 शहरों में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा- नीट यूजी 2025 का आयोजन किया गया। परीक्षा में साढ़े 22 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

प्रदेश में भी कड़ी सुरक्षा के बीच नीट-2025 परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के लिए भोपाल में 35 केंद्र बनाए गए, जहां शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। वहीं मुरैना में 6 और छिंदवाड़ा में 11 केन्द्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई।

जल गंगा संवर्धन

प्रदेश में जल स्त्रोतों की सफाई के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान जारी है। आज जल संसाधन विभाग मंत्री तुलसीराम सिलावट ने देवास जिले के हाटपीपल्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टिगरिया गोगा में 4 करोड़ 93 लाख की लागत से बनने वाले बैराज डेम का भूमि पूजन किया। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने ग्राम टिगरिया गोगा में क्षिप्रा में मिलने वाले नाले की सफाई और गहरीकरण कार्य में श्रमदान भी किया। इंदौर जिले के महू विकासखंड में रात्रि में आदर्श ग्राम में बैठक ली गई एवं लोगों को जल का महत्व बताया गया।

बाबा शिवानंद - निधन

योग साधक बाबा शिवानंद का कल रात वाराणसी में निधन हो गया। उन्हें खराब स्वास्थ्य के चलते 30 अप्रैल को काशी हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा शिवानंद के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु शिवानंद बाबा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की है।

हाइवे पर कैमरे-दतिया

दतिया में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य राजमार्ग पर वाहनों की गति कम करके सड़क दुघटनाओं में कमी  लाना है। सिथोली से कानपुर राजमार्ग तक निर्माण एजेंसी 117 कैमरें के साथ अन्य उपकरण लगा रही है।

मौसम

प्रदेश में आज कुछ जिलों में तेज हवा के साथ बारिश हो रही है। भोपाल और इंदौर में दोपहर बाद से बारिश जारी है। इंदौर में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। तेज आंधी से अनेक स्थानों पर पेड़ गिर गए। खंडवा में तेज बारिश के साथ ओले गिरे जिससे गर्मी से लोगों को राहत मिली है। जबलपुर और शिवपुरी में भी कुछ जगहों पर बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए शिवपुरी, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, बालाघाट सहित 18 जिलों में बारिश और आंधी के लिये ओरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार  साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) के 3 सिस्टम एक्टिव होने से अगले 4 दिनों तक आंधी और बारिश का मौसम रहने की संभावना है। इस बीच प्रदेश में सर्वाधिक तापमान नरसिंहपुर में 43 दशमल 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर अरहर की खरीदी के लिए 15 मई तक किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। अरहर का समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल रखा है। किसान ई उपार्जन पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

ऽ आगरमालवा जिला जेल में बंदियों के लिये कल आयोजित विधिक सहायता साक्षरता शिविर में विधिक साक्षरता एवं उनके प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी गई। जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

ऽ राज्य शासन ने एनटीपीसी द्वारा प्रदेश में परमाणु परियोजनाओं की स्थापना के लिए नीमच, देवास, सिवनी एवं शिवपुरी जिलों में चिन्हित 4 स्थलों पर परमाणु परियोजनाओं की

स्थापना में सहयोग प्रदान करने के लिए अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई की अध्यक्षता में ज्वाइंट वर्किंग कमेटी बनाई गई है।

ऽ आईपीएल क्रिकेट में आज दूसरा मैच पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच धर्मशाला में खेला जाएगा। पहले मैच में कोलकता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को .. रनों से हराया।